# गोंडा में कच्चा तेल व खनिज का भंडार मिलने की आस, सर्वे शुरू

## ओएनजीसी को प्राकृतिक गैस भी होने के मिले हैं संकेत

नवाबगंज/टिकरी (गोंडा)। क्षेत्र के तटीय इलाकों में जमीन के अंदर प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम व खनिज भंडार होने की संभावना जताई जा रही है। ओएनजीसी (ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन) ने इसकी पुष्टि के लिए सेस्मिक सर्वे व थ्रीडी मैपिंग शुरू कराई है। प्रक्रिया शुरू होने पर लोगों ने भविष्य की उम्मीदों को संजोना शुरू कर दिया है।

ओएनजीसी की तरफ से अल्फा जियो इंडिया लिमिटेड ने क्षेत्र के उमरिया, होलापुर काजी, कल्यानपुर सहित 12 जगह जमीन के अंदर खनिज भंडार मिलने की संभावनाओं को देखते हुए सर्वे के लिए जमीन में ड्रिल करने का काम शुरू किया है। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मृत्युंजय सिंह ने बताया कि भू वैज्ञानिकों ने सेटेलाइट से सभी क्षेत्रों का सर्वे किया था। सेटेलाइट सर्वे में उक्त एक दर्जन स्थानों पर प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम व खनिज भंडार होने के संकेत मिले हैं।

इन सभी स्थानों पर जमीन के अंदर 100 फिट गहराई में ड्रिल करके उसके अंदर रॉकेट से विस्फोट किया जाएगा। रॉकेट जमीन में करीब पांच से सात किलोमीटर नीचे तक जाएगा। इससे उठने वाली तरंगों का सेंसर मशीन से सर्वे कर डाटा इकट्ठा किया जाएगा। सेंसर का डाटा परीक्षण के लिए ओएनजीसी भेजा जाएगा। संवाद